उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
पो0ऑ0 – रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड–244715
फोन नं0: (05947)-252276, 254275, फैक्स नं0 : (05947)-255021, 252276
email : secy-ubse-uk@nic.in वेबसाइट :www.ubse.uk.gov.in

# हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर परिषदीय् परीक्षा परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) अथवा परिषदीय परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने हेतु निर्देश

शासनादेश संख्या : RTI-312/XXIV-4-2023-01(01)2016 TC, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 4, दिनांक 26 मई 2023 में संलग्न अधिसूचना संख्या : 311/XXIV-4-2023-01(01)2016 TC दिनांक 26 मई 2023 के द्वारा प्रख्यापित "उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् परिष्कार विनियम 2023" के वर्णित प्राविधानों के क्रम में इस परिषद् द्वारा **हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) परिषदीय् परीक्षा 2023 मे माह अगस्त 2023 में हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' का आयोजन किया गया। जिसका परीक्षाफल 08 सितम्बर 2023 को घोषित किया जा चुका है।**

**1. परीक्षा में सम्मिलित होने की प्रक्रिया एवं शर्तें :**

यदि हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 राहित) परिषदीय परीक्षा 2023 में अनुत्तीर्ण कोई परीक्षार्थी परीक्षाफल सुधार परीक्षा (प्रथम) माह अगस्त 2023 में भी किसी कारण उत्तीर्ण नहीं हुआ हो तो उक्त वर्णित शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के क्रम में उसे निम्नवत प्रक्रिया से हाईस्कूल (कक्षा 10) अथवा इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) **परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय)** अथवा सम्पूर्ण विषयों के साथ **परिषदीय परीक्षा 2024** में सम्मिलित किया जा सकेगा–

i. परीक्षार्थी प्रथम अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में लिए गए विषय/विषयों के साथ दूसरे अवसर में आगामी वर्ष (मार्च--अप्रैल 2024) की मुख्य परिषदीय परीक्षा के साथ आयोजित होने वाली परीक्षाफल सुधार परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है। **किन्तु ऐसी स्थिति में परीक्षार्थी द्वितीय अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में ही सम्मिलित हो सकेगा।**

अथवा

ii. परीक्षार्थी प्रथम अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में उत्तीर्ण न होने पर यदि वह चाहे तो इस वर्ष (2024) की **हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में समस्त विषयों के साथ भी परीक्षा में संस्थागत अथवा व्यक्तिगत रूप से आवेदन कर सकेगा।**

उक्त बिन्दु **i** के सम्बन्ध में यह स्पष्ट करना है कि **यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षाफल सुधार परीक्षा** द्वितीय (माह मार्च–अप्रैल 2024) में **सम्मिलित होना चाहता है तो वह केवल व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में ही इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।** ऐसी स्थिति में उसे अपना आवेदन पत्र व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित विद्यालयों/अग्रसारण केन्द्रों से ही भरने की अनुमति होगी। परीक्षार्थी को दूसरे अवसर की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परिषद् द्वारा निर्धारित समयावधि के अंतर्गत आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क **व्यक्तिगत आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र में जमा करना होगा।**

उक्त बिन्दु **ii** में वर्णित व्यवस्था के अनुसार यदि परीक्षार्थी समस्त विषयों के साथ इस वर्ष (2024) की हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है तो वह अपने **मूल विद्यालय से इस परीक्षा में संस्थागत छात्र के रूप में सम्मिलित हो सकेगा।**

## 2. परीक्षा शुल्क का विवरण–

परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क एवं प्रमाणपत्र–सह अंकपत्र शुल्क निम्नवत देय होगा–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | परीक्षा का प्रकार | हाईस्कूल (कक्षा 10) | | इण्टर (कक्षा 12) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परीक्षा शुल्क | प्रमाणपत्र–सह –अंकपत्र शुल्क | परीक्षा शुल्क | प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क | प्रवजन प्रमाणपत्र |
| 1 | परीक्षाफल सुधार परीक्षा –द्वितीय | व्यक्तिगत | 200.00 प्रति विषय | 50.00 | 300.00 प्रति विषय | 50.00 | 50.00 |
| 2 | सम्पूर्ण परीक्षा | संस्थागत | 200.00 | 10.00 | 350.00 | 10.00 | 50.00 |
| | | व्यक्तिगत | 600.00 | 10.00 | 700.00 | 10.00 | 50.00 |

**a.** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए हाईस्कूल स्तर पर परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क रु0 100.00 (रू0 एक सौ मात्र) प्रति विषय तथा रु0 50.00 (रू0 पचास मात्र) प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क रु0 150.00 (रू0 एक सौ पचास मात्र) प्रति विषय तथा रु0 50.00 (रू0 पचास मात्र) प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क देय होगा।

**b. सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को उक्त तालिका के बिन्दु 02 में अंकित शुल्क देय होगा।**

**c.** उक्त के अतिरिक्त **व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से हाईस्कूल एवं इण्टर स्तर पर प्रति परीक्षार्थी रू0 10.00 अग्रसारण शुल्क भी लिया जाएगा।**

**d.** विद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने वाले एक कक्षा के समस्त परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क एक साथ भी चालान द्वारा राजकोष में जमा कर सकेगा। किन्तु कक्षा 10 एवं कक्षा 12 का अलग–अलग चालान द्वारा परीक्षा शुल्क जमा किया जायेगा। **शुल्क जमा करने सम्बन्धी प्रक्रिया एवं शुल्क जमा हेतु लेखा शीर्षक पूर्ववत ही होंगे।**

**e.** यदि किसी विद्यालय द्वारा पूर्व में (माह जुलाई 2023 में परिषदीय परीक्षा 2024 के परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु निर्धारित समयावधि के दौरान) ही किसी परीक्षार्थी का परीक्षा शुल्क जमा कर दिया गया हो तो ऐसी स्थिति में दुबारा जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु ऐसी स्थिति में सम्बन्धित परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क जमा होने सम्बन्धी पुष्ट प्रमाण परिषद् को अनिवार्यतः उपलब्ध कराने होंगे। **परिषद् द्वारा विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों/अभिलेखों से संतुष्ट होने के उपरांत ही सम्बन्धित परीक्षार्थी को परीक्षा मे सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।**

## 3. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन प्रक्रिया–

**a.** परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में प्रतिभाग करने हेतु परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र (परिषद् द्वारा निर्धारित प्रारूप पर) निर्धारित शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**अथवा**

इस वर्ष (2024) की हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में समस्त विषयों के साथ परीक्षा में संस्थागत रूप से आवेदन करने की स्थिति में परीक्षार्थी अपना आवेदन अपने

विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**अथवा**

इस वर्ष (2024) की हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में समस्त विषयों के साथ परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप से आवेदन करने की स्थिति में परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धरित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

b. निर्धारित अंतिम तिथि तक परीक्षार्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र (चाहे वे परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय के लिए हों अथवा सम्पूर्ण परीक्षा के लिए) के आधार पर **ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया संस्था (विद्यालय) के माध्यम से ही सम्पादित की जायेगी,** अर्थात परीक्षार्थी का आवेदन उनके अभ्यर्थन की भली–भांति जॉच कर पूर्णतः संतुष्ट होने पर ही विद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा के समान ही किया जायेगा।

c. आवेदन प्रक्रिया ऑन–लाइन होगी। विद्यालय उन्हें मुख्य परीक्षा हेतु संस्थागत अथवा व्यक्तिगत परीक्षा केन्द्र के रूप में प्रदत्त आई0डी0 एवं पासवर्ड से ही ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया सम्पादित कर सकेगे। **कोई भी ऑफ–लाइन आवेदनपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

d. ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया सम्पादन हेतु विस्तृत निर्देश संलग्नक : एक में दिए गए हैं।

## 5. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन का कार्यक्रम–

परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय (मार्च–अप्रैल 2024) अथवा हाईस्कूल एवं इण्टर सम्पूर्ण परीक्षा 2024 आवेदन प्रक्रिया निम्न समयसारणी के अनुसार ही सम्पादित की जाएगी। यह एक समयबद्ध कार्यक्रम है अतः इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

| क्र0सं0 | विवरण | समयावधि | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन–लाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 18 सितम्बर 2023 (10:00 AM से) | संस्थाध्यक्ष |
| 2 | विद्यालय द्वारा शुल्क राजकोष में जमा करने की अंतिम तिथि | 27 सितम्बर 2023 | संस्थाध्यक्ष |
| 3 | विद्यालय द्वारा परीक्षाफल सुधार परीक्षा ऑनलाइन आवेदनपत्र भरने की अंतिम तिथि | 30सितम्बर 2023 (11:59 PM तक) | संस्थाध्यक्ष |
| 4 | विद्यालय द्वारा पूरित आवेदनो की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 03 अक्टूबर 2023 | संस्थाध्यक्ष |
| 5 | पूरित आवेदनों की सूचना मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 05 अक्टूबर 2023 | खण्ड शिक्षा अधिकारी |
| 6 | पूरित आवेदनो की सूचना परिषद् कार्यालय में जमा करने की तिथि | 07 अक्टूबर 2023 | मुख्य शिक्षा अधिकारी |

16-9-2023
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल

संलग्नक : एक

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल
## कक्षा 10 एवं कक्षा 12 परिषदीय परीक्षा 2024
## एवं परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय
## ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश

### :: महत्वपूर्ण निर्देश ::


- परिषद् की अधिकृत वेबसाइट पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे।
- विद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन कक्षाओं (अर्थात 10 अथवा 12 अथवा दोनों जैसी भी स्थिति हो) के विद्यालय में संचालन की अनुमति हो केवल उन्हीं के आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे।
- परिषद् द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक जितने छात्रों का परीक्षा शुल्क चालान द्वारा राजकोष में जमा किया गया है केवल उतने ही छात्रों के आवेदन–पत्र भरे जा सकेगें।
- परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय अथवा सम्पूर्ण विषयों के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा पूर्व में चयनित विषयों में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। अर्थात् जिन विषयों के साथ परीक्षार्थी पूर्व में मुख्य परीक्षा अथवा सुधार परीक्षा प्रथम में सम्मिलित हुआ है, उन्हीं विषयों के साथ वह मुख्य परीक्षा अथवा सुधार परीक्षा द्वितीय में सम्मिलित हो सकेगा।
- **व्यक्तिगत आवेदन–पत्र केवल इस हेतु मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित विद्यालयों से ही ऑन–लाइन भरे जाएंगे**। इस हेतु सम्बन्धित विद्यालयों द्वारा व्यक्तिगत अग्रसारण केन्द्र वाली ID का प्रयोग किया जायेगा।
- ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल, सुगम और व्यावहारिक बनाने के लिए उन सभी परीक्षार्थियों का का डेटा पेज पर उपलब्ध करा दिया गया है जिनके द्वारा परीक्षाफल सुधार परीक्षा प्रथम (माह अगस्त 2023) हेतु आवेदन भरा गया था किन्तु वे परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर सके।
- प्रत्येक विद्यालय को एक तीन अंकीय कोड मुख्य शिक्षा अधिकारी स्तर से आवंटित हुआ हो। इससे पूर्व तीन अंकीय जनपद कोड अंकित किया जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक विद्यालय की 06 अंकीय ID होगी, जिसके प्रथम तीन अंक जनपद कोड एवं अगले तीन अंक स्कूल कोड के होंगे। इसी ID की सहायता से विद्यालय द्वारा लॉग–इन किया जायेगा।

### :: ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश ::

1. आवेदक अर्थात विद्यालय सर्वप्रथम परिषद् कार्यालय की वेबसाइट **http://ubse.uk.gov.in** पर क्लिक करने पर दायी तरफ **Board Exmination** आइकन पर क्लिक करने पर **http://ubse.co.in** पर क्लिक करें तदपश्चात् **DOWNLOAD INSTRUCTION/USER MANUAL** पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश को डाउनलोड कर उनका भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. उक्त वेबसाइट पर क्लिक करने पर निम्नवत पेज खुलेगा–

**Exam Application Form – 2024 for 10th & 12th Class**
(कक्षा 10वीं और 12वीं परीक्षा वर्ष 2024 के लिए आवेदन पत्र)
**Register** **Login**

विद्यालय अपनी स्थिति के अनुसार इस पेज पर **Register** अथवा **Login** पर क्लिक करेंगे (नये विद्यालय इस पेज पर **Register** और पूर्व से पंजीकृत विद्यालय **Login** पर क्लिक करेंगे)। इस प्रक्रिया के बाद अगला पेज निम्नवत खुलेगा–




3. इस पेज पर विद्यालय अपनी 06 अंकीय आईडी **(ID)**, पासवर्ड और कैप्चा अंकित कर **Login** पर क्लिक करेंगे। इस प्रक्रिया से अगला पेज (विद्यालय सामान्य सूचना प्रपत्र) खुलेगा।

4. इस पेज पर विद्यालय के बारे में वांछित समस्त सूचनाएं अनिवार्यतः अंकित की जाऐंगी। **जिसमें परीक्षार्थियों की संख्या एवं राजकोष में चालान द्वारा जमा किए गए परीक्षा शुल्क आदि का विवरण सही–सही अंकित किया जाय।** ताकि तद्नुसार अगले चरण में विद्यालय से हाईस्कूल/इण्टर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों का डाटा भरा जा सके।

*इस पेज पर विद्यालय का नाम, कोड आदि को संशोधित करने का विकल्प उपलब्ध नहीं है, केवल प्रधानाचार्य का नाम, परीक्षा प्रभारी का नाम, कार्यालय सहायक का नाम, परीक्षार्थियों की संख्या एवं चालान जमा का विवरण अंकित किया जा सकेगा। यदि किसी विद्यालय का नाम आदि गलत प्रदर्शित हो रहा है तो वह इसकी सूचना परिषद् कार्यालय को देगा, परिषद् स्तर से ही उसमें संशोधन हो सकेगा।*

5. **उक्त प्रक्रिया के सम्पादन के बाद –**

## 1. संस्थागत परीक्षार्थियों हेतु आवेदन प्रक्रिया

**हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (संस्थागत) परीक्षा 2024 में संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में वही छात्र सम्मिलित हो सकेंगे, जो सम्पूर्ण विषयों के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हों।**

**a.** स्कूल लॉगिन करने के बाद सबसे पहले आपको बाईं साइडबार पर दो लिंक दिखाई देंगे एक इण्टरमीडिएट के लिए है और दूसरा हाईस्कूल के लिए है। **आवश्यक्तानुसार लिंक "सुधार परीक्षा में सम्मिलित किन्तु अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए आवेदन फॉर्म" आइकन पर क्लिक करें।**

**b.** **"सुधार परीक्षा में सम्मिलित किन्तु अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए आवेदन फॉर्म"** लिंक आपको उस पृष्ठ पर लेकर जायेगा, जिसमें आपको उन सभी छात्र–छात्राओं का डेटा मिलेगा जिनके द्वारा परीक्षाफल सुधार परीक्षा प्रथम (माह अगस्त 2023) हेतु आवेदन भरा गया था किन्तु वे परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर सके। इस पृष्ठ पर आपको खोज **Search** बॉक्स के साथ परीक्षार्थियों की सूची मिलेगी, जिसमें छात्र/छात्रा की सूचना निम्नवत प्रदर्शित हो रही होगी–

| Old Reg. No | Old Roll No. | Name | Father Name | Mother Name | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 10199922110001 | 23000... | XYZ | ABC | MNO | Add |

**i.** उक्त प्रक्रिया के उपरांत सूची में छात्र के नाम के अंत में **Remark** नाम का एक कॉलम है जिसमें आपको **ADD** कर विकल्प मिलेगा।

**ii.** यदि छात्र/छात्रा वर्तमान में आपके विद्यालय से कक्षा 10/12 की **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (संस्थागत) परीक्षा 2024** में सम्पूर्ण विषयों में सम्मिलित होना है, तो **Add** पर क्लिक करें। इस प्रक्रिया से छात्र/छात्रा का विवरण यहां से हट कर आपके विद्यालय से **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (संस्थागत) परीक्षा 2024 में** सम्पूर्ण विषयों में सम्मिलित होने के लिए सुरक्षित हो जाएगा।

iii. यदि छात्र/छात्रा वर्तमान में आपके विद्यालय से कक्षा 10/12 की **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (संस्थागत) परीक्षा 2024** में सम्पूर्ण विषयों के साथ सम्मिलित नहीं होना है, तो छात्र/छात्रा के **विवरण को यथावत रहने दें।** छात्र/छात्रा का विवरण आपके विद्यालय से **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (संस्थागत) परीक्षा 2024** की परीक्षार्थी सूची में नहीं आएगा।

**उक्त प्रक्रिया के सम्पादन के उपरांत**

iv. यदि आप अपने विद्यालय से **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट सम्पूर्ण परीक्षा 2024** में किसी ऐसे परीक्षार्थी जो पूर्व में किसी अन्य विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित हुआ था, को जोड़ना चाहते हैं तो आप निम्न प्रक्रिया के अनुसार इसे इसे जोड़ सकते हैं:

**"पुष्टि किये गये छात्र"** बटन पर क्लिक करें। यदि किसी परीक्षार्थी ने उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् से सम्बद्ध किसी अन्य विद्यालय से परीक्षाफल सुधार परीक्षा प्रथम (अगस्त 2023) में अनुत्तीर्ण होकर, आपके विद्यालय से इस **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट सम्पूर्ण परीक्षा 2024** में सम्मिलित होने हेतु आवेदन किया है तो **Add New Student** विकल्प का चयन करें, छात्र/छात्रा का अनुक्रमांक अंकित करें **Add New Student** पर क्लिक करें, सम्बन्धित छात्र/छात्रा का नाम आपके विद्यालय के परीक्षार्थियों की सूची में आ जाएगा।

v. अगर किसी विद्यार्थी का डाटा भूलवश **Add** हो जाता है तो उसे वहाँ से **Delet** भी किया जा सकता है।

*c.* हाईस्कूल सुधार परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त इण्टर कृषि वर्ग ***F1*** में प्रवेश के इच्छुक छात्र को जोड़ने हेतु दांयी तरफ ***Chosee Button*** में हाईस्कूल उत्तीर्ण परीक्षार्थी का अनुक्रमांक अंकित कर ***Add Button*** पर क्लिक करें।

d. उक्तवत समस्त परीक्षार्थियों की जॉच करने एवं नए परीक्षार्थियों को सम्मिलित करने के उपरांत **सुधार चैक लिस्ट बटन** पर क्लिक करें। आपके विद्यालय से **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (संस्थागत) परीक्षा 2024** में सम्पूर्ण विषयों के साथ सम्मिलित हो रहे समस्त परीक्षार्थियों का विवरण प्रदर्शित हो जाएगा। इस प्रक्रिया के सम्पादन के उपरांत आपके विद्यालय के उन सभी छात्र/छात्राओं का नाम अंतिम रूप से सुरक्षित हो जाएगा जो वास्तव में आपके विद्यालय से हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने हेतु पात्र हैं और जिनका परीक्षा शुल्क आपके द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत जमा किया जा चुका है।

e. उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विद्यालय की **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (संस्थागत) परीक्षा 2024 के** परीक्षार्थियों की सूची (नॉमिनल रोल) तैयार हो जाएगी। **जिसे डाउनलोड कर स्मारिका, शुल्क जमा के मूल चालान के साथ पृथक–पृथक (हाईस्कूल अलग एवं इण्टर अलग) परिषद् द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया जाना होगा।**

## 2. <u>व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु आवेदन प्रक्रिया</u>

**a. सुधार परीक्षा द्वितीय में एक या दो विषयों के साथ सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी केवल व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकेंगें।**

**b. ऐसे परीक्षार्थी जो संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में दो बार अनुत्तीर्ण हो चुके हैं वे भी परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय (मार्च7अप्रैल 2024) अथवा हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (व्यक्तिगत) परीक्षा 2024 सम्पूर्ण विषयों के साथ व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में भी सम्मिलित हो सकेंगें।**

**c. मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाये गये व्यक्तिगत अग्रसारण केन्द्रों से ही व्यक्तिगत आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे।**

**d. व्यक्तिगत स्कूल आई0डी0 से** स्कूल लॉगिन करने के बाद सबसे पहले आपको बाई साइडबार पर दो लिंक दिखाई देंगे एक इण्टरमीडिएट के लिए है और दूसरा हाईस्कूल के लिए है। **आवश्यक्तानुसार लिंक "सुधार परीक्षा में सम्मिलित किन्तु अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए आवेदन फॉर्म" पर क्लिक करें।**

**e. "सुधार परीक्षा में सम्मिलित किन्तु अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए आवेदन फॉर्म"** लिंक आपको उस पृष्ठ पर लेकर जायेगा, जिसमें आपको उन सभी छात्र–छात्राओं का डेटा मिलेगा, जिनके द्वारा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में आपके विद्यालय से परीक्षाफल सुधार परीक्षा प्रथम (माह अगस्त 2023) हेतु आवेदन भरा गया था, किन्तु वे परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर सके। इस पृष्ठ पर आपको खोज **Search** बॉक्स के साथ परीक्षार्थियों की सूची मिलेगी, जिसमें छात्र/छात्रा की सूचना निम्नवत प्रदर्शित हो रही होगी–

| Old Reg. No | Old Roll No. | Name | Father Name | Mother Name | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 10199922110001 | 23000... | XYZ | ABC | MNO | CHOOSE |

i. उक्त प्रक्रिया के उपरांत सूची में छात्र के नाम के अंत में **Remark** नाम का एक कॉलम है जिसमें आपको **CHOOSE** का विकल्प मिलेगा। CHOOSE पर क्लिक करने पर संपूर्ण परीक्षा एवं सुधार परीक्षा II में से आवश्यकतानुसार विकल्प का चयन करें तदुपरांत **Add** पर क्लिक करें।

ii. इस प्रक्रिया से छात्र/छात्रा का विवरण यहां से हट कर आपके विद्यालय से **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट (व्यक्तिगत) परीक्षा 2024 में** सम्पूर्ण विषयों / सुधार परीक्षा II के साथ सम्मिलित होने के लिए सुरक्षित हो जाएगा।

**उक्त प्रक्रिया के सम्पादन के उपरांत**

iii. यदि आप अपने विद्यालय से **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट सम्पूर्ण परीक्षा 2024** में किसी ऐसे परीक्षार्थी जो पूर्व में किसी अन्य विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित हुआ था, और अब व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में आपके विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, तो आप निम्न प्रक्रिया के अनुसार इसे जोड़ सकते हैं:

**a.** "पुष्टि किये गये छात्र" बटन पर क्लिक करें। **Add New Student** बटन से पूर्व **Choose** बॉक्स में आपको **सम्पूर्ण परीक्षा एवं सुधार परीक्षा II** का विकल्प मिलेगा। **आप परीक्षार्थी द्वारा दिए गए विकल्प के अनुसार Choose** बॉक्स में **सम्पूर्ण परीक्षा** अथवा **सुधार परीक्षा II** का विकल्प चयन कर परीक्षार्थी का अनुक्रमांक अंकित करें। **Add New Student** पर क्लिक करें, सम्बन्धित छात्र/छात्रा का नाम आपके विद्यालय के परीक्षार्थियों की सूची में उसके द्वारा दिए गए विकल्प (**सम्पूर्ण परीक्षा अथवा सुधार परीक्षा II**) के अनुसार आ जाएगा।

iv. अगर किसी विद्यार्थी का डाटा भूलवश **Add** हो जाता है तो उसे वहाँ से **Delete** भी किया जा सकता है।

a. उक्तवत समस्त परीक्षार्थियों की जॉच करने एवं नए परीक्षार्थियों को सम्मिलित करने के उपरांत सुधार चैक लिस्ट बटन पर क्लिक करें। आपके विद्यालय से **परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय** 2024 अथवा **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024** में सम्मिलित हो रहे समस्त परीक्षार्थियों का विवरण प्रदर्शित हो जाएगा। इस प्रक्रिया के सम्पादन के उपरांत आपके विद्यालय के उन सभी छात्र/छात्राओं का नाम अंतिम रूप से सुरक्षित हो जाएगा जो वास्तव में आपके विद्यालय से **परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय** 2024 अथवा **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने** हेतु पात्र हैं और जिनका परीक्षा शुल्क आपके द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत जमा किया जा चुका है।

b. *इण्टर कृषि वर्ग में F1 की आवेदन प्रक्रिया भी उक्त की तरह से प्रक्रिया अपनायी जाएगी।*

c. उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विद्यालय की **परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय** 2024 अथवा **हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024** के परीक्षार्थियों की सूची (नॉमिनल रोल) तैयार हो जाएगी। **जिसे डाउनलोड कर स्मारिका, शुल्क जमा के मूल चालान के साथ पृथक–पृथक (हाईस्कूल अलग एवं इण्टर अलग) परिषद् द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया जाना होगा।**

16-9-2023

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## हाईस्कूल (कक्षा 10) परिषदीय् परीक्षा 2023
### परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2023 (II) में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र
### व्यक्तिगत

1. विद्यालय का नाम : ........................................................................................
2. परीक्षार्थी का नाम : ........................................................................................
3. पिता का नाम : ........................................................................................
4. माता का नाम : ........................................................................................
5. हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षाफल सुधार परीक्षा (प्रथम) अगस्त 2023 का अनुक्रमांक :

   अंकों में : [ ]

   शब्दों में : ........................................................................

6. परीक्षा परिणाम : अनुत्तीर्ण [ ]
7. जाति : अनुसूचित जाति / अनु0जनजाति / पिछड़ी जाति / सामान्य
8. दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]
9. विषय / विषयों का नाम
   जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है : 1. [ ]

   2. [ ]

10. कुल जमा शुल्क : अंको में : ............................शब्दों में : ........................................
11. घोषणा :

मैं ..........................................................................पुत्र / पुत्री श्री.........................................
शपथपूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं हाईस्कूल (कक्षा 10) 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023' में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता / करती हूँ। **मुझे 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023' हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्तें मान्य हैं।**

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

........................................................................................................................

***नोट :*** *आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय / अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं कृषि वर्ग मे F1) परिषदीय् परीक्षा 2023
## परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2023 (II) में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र
## व्यक्तिगत

1. विद्यालय का नाम : ..........................................................................................

2. परीक्षार्थी का नाम : ..........................................................................................

3. पिता का नाम : ..........................................................................................

4. माता का नाम : ..........................................................................................

5. इण्टर (कक्षा 12) परीक्षाफल सुधार परीक्षा (प्रथम) अगस्त 2023 का अनुक्रमांकः

   अंकों में : [ ]

   शब्दों में : ..........................................................................

6. परीक्षा परिणाम : उत्तीर्ण [ ] अनुत्तीर्ण [ ]

7. जाति : अनुसूचित जाति / अनु0जनजाति / पिछड़ी जाति / सामान्य

8. दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]

9. विषय / प्रश्नपत्र का नाम
   जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है : 1. [ ]

10. कुल जमा शुल्क : अंको में : ............................शब्दों में : ..............................................

11. घोषणा :

मैं ......................................................................पुत्र / पुत्री श्री.........................................
शपथपूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023' में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता / करती हूँ। **मुझे 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023' हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्तें मान्य हैं।**

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

..........................................................................................................................

***नोट :*** *आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय / अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*